Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **झुंझुनूं में पश्चिम बंगाल पुलिस का उपनिरीक्षक पुलिस 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **होटल के कमरे की तलाशी जारी**

जयपुर, *15 मार्च, शुक्रवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर झुंझुनूं इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **स्वपन कुमार राय उपनिरीक्षक पुलिस थाना नेहेटी, बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट, पश्चिम बंगाल** को परिवादी से **50 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की झुंझुनूं इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरूद्ध पुलिस थाना नेहटी में दर्ज बलात्कार के प्रकरण में गिरफ्तार नहीं करने की एवज में आरोपी स्वपन कुमार राय उपनिरीक्षक पुलिस थाना नेहेटी, बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट, पश्चिम बंगाल द्वारा **1 लाख रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरविजन में एसीबी झुंझुनूं इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ईस्माईल खान** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी उपनिरीक्षक को परिवादी से **50 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा होटल के कमरे की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**